भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1580

उत्तर देने की तारीख- 02/08/2023

प्रधान मंत्री पीवीटीजी विकास मिशन

1580 श्रीमती रंजीत रंजन:
श्री के.सी. वेणुगोपालः
श्रीमती फूलो देवी नेतमः
श्री दिग्विजय सिंहः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में 'प्रधान मंत्री पीवीटीजी (विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह) विकास मिशन' के अंतर्गत कितना बजटीय व्यय किया गया है;

(ख) मार्च 2023 तक किए गए क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से पीवीटीजी (विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह) समुदायों की स्थिति के बारे में प्राप्त परिणामों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) पीवीटीजी के लिए परिकल्पित विकास मिशन में क्षेत्रीय दौरों के निष्कर्षों को समायोजित करने की क्या योजना है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री बिश्वेश्वर टुडु)

(क) : चूंकि प्रधान मंत्री पीवीटीजी विकास मिशन की घोषणा बजट 2023-24 में की गई है, पिछले तीन वर्षों के दौरान मिशन के तहत कोई व्यय नहीं किया गया है। तथापि, यह मंत्रालय पीवीटीजी के विकास हेतु योजना को क्रियान्वित कर रहा है और पिछले 3 वर्षों के दौरान योजना के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को 437.18 करोड़ रुपये निर्मुक्त किए गए हैं।

(ख) जनजातीय कार्य मंत्रालय और इसके संबद्ध कार्यालय के अधिकारियों द्वारा पीवीटीजी क्षेत्रों में फील्ड दौरे किए गए हैं और अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार यह देखा गया है कि पीवीटीजी बस्तियों को सड़क और इंटरनेट कनेक्टिविटी आदि सहित बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए केंद्रित दृष्टिकोण की आवश्यकता है। स्कूल छोड़ने की दर (ड्रॉप आउट) और आजीविका के अवसरों में सुधार के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को सुदृढ़ करने की भी आवश्यकता है।

(ग): चूंकि, मिशन का उद्देश्य पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य तक बेहतर पहुंच और पोषण, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी, और स्थायी आजीविका के अवसर जैसी बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करके विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है, मिशन के उद्देश्य में क्षेत्र के दौरों के निष्कर्षों को उपयुक्त रूप से संबोधित और समायोजित किया जाता है।

*****